INTERNATIONAL NEWS AND VIEW CORPORATION
INVC
अंतरराष्ट्रीय समाचार एवं विचार निगम

अवैध कब्जाधारियों से शुरू से किराया वसूला जाएगा

By : Editor Published On : 25 Sep, 2020 04:20 PM IST

लखनऊ.

मुख्यमंत्री गुरुवार को कानपुर मंडल (जनपद कानपुर नगर, कानपुर देहात, फर्रूखाबाद, कन्नौज, इटावा, औरैया) के विकास कार्यों की समीक्षा कर रहे थे. सीएम ने कहा कि अविरल और निर्मल गंगा के लिए कानपुर एक महत्वपूर्ण पड़ाव है. कानपुर मंडल के बड़े भूभाग से होगा गंगा गुजरती हैं. कानपुर सहित पूरे मंडल में 'नमामि गंगे' अभियान के तहत अच्छा कार्य हुआ है. गंगा नदी के किनारे रिवर फ्रंट विकसित करने से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा. कानपुर की खूबसूरती में भी इजाफा होगा.

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कानपुर में गंगा तट पर खूबसूरत रिवर फ्रंट बनाने के निर्देश दिए हैं. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले कानपुर दौरे में नौका विहार के दौरान कानपुर में गंगा की स्वच्छता की प्रशंसा की थी. अब हम उनकी भावनाओं के अनुरूप गंगा तट पर खूबसूरत रिवर फ्रंट को तैयार करेंगे. उन्होंने इस संबंध में कार्ययोजना बनाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं.

सांसदों, विधायकों का फोन नहीं उठाया तो कार्रवाई होगी

समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी अधिकारी जनप्रतिनिधियों के सतत संपर्क में रहें. सांसदों/विधायक गणों के फोन कॉल की उपेक्षा कतई न की जाए. अगर किसी अधिकारी के खिलाफ ऐसी शिकायत आती है तो उस पर कार्रवाई जरूर होगी. उन्होंने कहा कि सांसदों/विधायकों की उपेक्षा जनता की उपेक्षा है. इसे स्वीकार्य नहीं किया जा सकता.

सीएम ने कहा कि अगर कहीं सरकारी भूमि पर किसी ने अवैध कब्जा किया है, तो उससे सख्ती से निपटा जाए और जब से अवैध कब्जा हुआ है तबसे किराया भी वसूला जाए. कानपुर में मेट्रो रेल के कार्य की समीक्षा करते हुए कहा यह सेवा शहर की सार्वजनिक परिवहन सुविधा के लिहाज से अत्यंत महत्वपूर्ण है. इसे प्राथमिकता से किया जाना चाहिए. मंडलायुक्त राजशेखर ने बताया कि कानपुर में कृषि विश्वविद्यालय की 14 हेक्टेयर भूमि मेट्रो डिपो के लिए लिया जाना है. विश्वविद्यालय की अनुमति मिल गई है.

एमएसपी से कम पर खरीद कतई नहीं

सीएम ने कहा कि पहली अक्टूबर से धान क्रय केंद्र खुल रहे हैं. कोविड के दृष्टिगत आवश्यक व्यवस्था कर ली जाए. किसी भी कीमत पर न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम पर खरीद न हो. सीएम ने कहा कि सभी को शासन की योजनाओं से लाभांवित किया जाए. सभी के राशन कार्ड बनाएं, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाएं. उन्होंने आवास योजनाओं के निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूरा किए जाने के साथ-साथ स्वच्छ भारत मिशन के तहत निर्मित शौचालयों की शत-प्रतिशत जियो

टैगिंग किए जाने के निर्देश देते हुए कहा कि जिस कार्य के लिए धन अवमुक्त हो, वही कार्य कराए जाएं. ग्राम सचिवालय तथा सामुदायिक शौचालय के लिए भूमि का चिन्हांकन जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद करके शीघ्रता से किए जाने के निर्देश दिए. कन्नौज में ग्रामीण इंजीनियरिंग विभाग में रिक्त इंजीनियर के पद पर तत्काल तैनाती करने के भी निर्देश दिए.

हर-घर तक पहुंचाएंगे शुद्ध पेयजल

स्मार्ट सिटी, अटल भूजल योजना और अमृत योजना के अन्तर्गत हुए कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि पेयजल से जुड़ी सभी योजनाओं का क्रियान्वयन प्राथमिकता के साथ किया जाए. घर-घर शुद्ध पेयजल पहुंचाना है. कोई घर न छूटे. कानपुर स्मार्ट सिटी परियोजना महत्वाकांक्षी है. सभी संबंधित विभाग मिलकर इस परियोजना को सफल बनायें. उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक तालाब खुदवाए जाएं और रेन वॉटर हार्वेस्टिंग के अन्तर्गत जल संचय की कार्यवाही को प्रोत्साहित किया जाए.

जनप्रतिनिधि ही करेंगे लोकार्पण-शिलान्यास

सीएम योगी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास कार्यों के लोकार्पण व शिलान्यास जनप्रतिनिधियों से ही कराया जाए. इस दौरापन अधिकांश जनप्रतिनिधियों ने अपने क्षेत्रों में सड़क पुनर्निर्माण, सेतु निर्माण, नई नगर पंचायत बनाये जाने की मांग रखी. विधायकों द्वारा नए शिक्षण संस्थान की आवश्यकता बताए जाने पर मुख्यमंत्री ने भूमि की उपलब्धता के साथ प्रस्ताव भेजने को कहा. इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने सभी जनप्रतिनिधियों की मांगों को गौर से सुना और भरोसा दिया कि वह स्थानीय प्रशासन के जरिए अपने प्रस्ताव बनवाकर शासन के संबंधित विभाग को भिजवाएं. उसकी प्रति मुख्यमंत्री कार्यालय को भी भेज दें. आप के हर प्रस्ताव पर समय से काम होगा.

मुख्यमंत्री के प्रमुख निर्देश

- बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे विकास में औरैया में भूमि संबंधी समस्या का हल संवाद से निकालें.

- कानपुर में ईडब्ल्यूएस और एलआइजी आवासों को रजिस्ट्री कराने में सर्किल रेट अधिक होने के कारण आ रही दिक्कतों के समाधान के लिए कमिश्नर प्रयास करें.

- राजस्व संग्रह के लिए नियोजित प्रयास की ज़रूरत है. समीक्षा करते रहें.

- सड़कों के सुदृढ़ीकरण की कार्रवाई तेज करें.

- प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री आवास योजनाओं से लाभान्वित लोगों के गृह प्रवेश का कार्यक्रम आवास विभाग तैयार करे.

- कानपुर देहात में उमराहट पम्पनहर परियोजना के लिए आवश्यक धनराशि जारी की जाए.

-कानपुर देहात मेडिकल कॉलेज निर्माण कार्य शीघ्रता से प्रारंभ किया जाए.

- राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, कन्नौज, 300 बेडे नर्सेज एंड गायनी ब्लॉक सैफई, इटावा के निर्माण कार्य को पूरा किया जाए.

- अर्बन डेवलेपमेंट मास्टर प्लान सैफई के कार्य को पूरा करने के लिए आवश्यक धनराशि की व्यवस्था की जाए.

- फर्रुखाबाद में अब तक लेवल टू का हॉस्पिटल नहीं बन पाया. डेथ रेट ज्यादा है. हर बेड पर ऑक्सीजन की आपूर्ति होनी चाहिए. इसे शीघ्रता से करें. PLC.

URL : https://www.internationalnewsandviews.com/illegal-occupiers-will-be-charged-rent-from-the-beginning/

12th year of news and views excellency

Committed to truth and impartiality

Copyright © 2009 - 2019 International News and Views Corporation. All rights reserved.

www.internationalnewsandviews.com